प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

13.04.2026 / प्रादेशिक समाचार / 1945बजे

'' मुख्य समाचार''

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने महिलाओं को सशक्त बनाने और अवसरों का विस्तार करने के लिए सभी से एकजुट होने का  किया आह्वान।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने बदहाल कानून व्यवस्था और नशे की समस्या से निपटने के लिए ठोस कदम उठाने पर दिया बल।
- केन्द्र सरकार ने कहा–देशभर में एलपीजी की वाणिज्यिक आपूर्ति 70 प्रतिशत तक हुई बहाल।
- शिमला के कमला नेहरू अस्पताल को स्थानांतरित करने के प्रस्ताव का विरोध जारी–भाजपा ने राज्यपाल को सौंपा ज्ञापन।

प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत की नारी शक्ति अपने दृढ़ साहस, आत्म–विश्वास और मेहनत के दम पर लगातार नई ऊंचाइयां छू रही हैं। उन्होंने सभी से महिलाओं को सशक्त बनाने और अवसरों का विस्तार करने के लिए एकजुट होने का आह्वान किया। नई दिल्ली में आज नारी शक्ति वंदन को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत 21वीं सदी में महिला सशक्तिकरण को समर्पित एक बड़ा निर्णय लेने जा रहा है। उन्होंने कहा कि संसद नया इतिहास रचने जा रही है, जिसमें भूत और भविष्य की महत्वाकांक्षाओं को पूरा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि एन.डी.ए सरकार ने महिला सशक्तिकरण से जुड़ी योजनाएं सफलतापूर्वक लागू की हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि लोकतंत्र में महिला आरक्षण अत्यंत आवश्यक है और महिलाओं की भागीदारी लोकतंत्र को मजबूत बनाती है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में 14 लाख से अधिक महिलाएं स्थानीय और सार्वजनिक निकायों में सेवाएं दे रही हैं।

विमोचन

राज्यपाल कविन्द्र गुप्ता ने आज शिमला में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की पत्रिका मातृ वंदना के विशेषांक का विमोचन किया। उन्होंने कहा कि मातृ वंदना देश में राष्ट्र भक्ति और राष्ट्र धर्म की भावना जगाने वाली पत्रिका है। नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर अपनी प्रतिक्रिया में उन्होंने कहा कि इस अधिनियम से महिलाएं न केवल मतदाता बल्कि नीति निर्धारक के रूप में कार्य करेंगी।

राज्यपाल

राज्यपाल कविंद्र गुप्ता ने प्रदेश के सामाजिक, सांस्कृतिक और आर्थिक विकास में तिब्बत समुदाय के योगदान की सराहना की है। राज्यपाल आज लोकभवन शिमला में उनसे मिलने आए तिब्बती प्रतिनिधिमंडल से चर्चा के दौरान बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि धर्मशाला में तिब्बती धर्मगुरू दलाई लामा की उपस्थिति ने हिमाचल को वैश्विक स्तर पर एक विशेष पहचान दिलाई है। राज्यपाल ने कहा कि दलाई लामा की शिक्षाएं न केवल तिब्बती समुदाय बल्कि पूरी मानवता के लिए प्रेरणा स्रोत हैं।

जयराम ठाकुर

विपक्ष के नेता व पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने प्रदेश में बदहाल कानून व्यवस्था और नशे के बढ़ते प्रचलन पर चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि आपराधिक घटनाएं लगातार बढ़ रही है और अराजकता का माहौल बना हुआ है। जयराम ठाकुर ने राज्य सरकार को इस दिशा में गंभीरता से काम करते हुए ठोस कदम उठाने की सलाह दी है।   ––बाईट––जयराम ठाकुर–38''––

एलपीजी

केन्द्र सरकार ने कहा है कि देश में एलपीजी की वाणिज्यिक आपूर्ति 70 प्रतिशत तक बहाल कर दी गई है। पैट्रोलियम और  प्राकृतिक गैस मंत्रालय में संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने आज बताया कि बीते 14 मार्च से अब तक एक लाख 82 हज़ार टन से अधिक एलपीजी की वाणिज्यिक बिक्री दर्ज की गई है। उन्होंने

कहा कि किसी भी प्रकार की हेराफेरी को रोकने के लिए ओटीपी आधारित एलपीजी वितरण सुनिश्चित किया जा रहा है।

शांडिल

स्वास्थ्य मंत्री धनीराम शांडिल ने कहा है कि सरकार उत्कृष्ट स्वास्थ्य सेवाएं सुनिश्चित बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। सोलन ज़िले के कण्डाघाट में आज रोगी कल्याण समिति की बैठक में उन्होंने कहा कि सरकार प्रदेश के सभी चिकित्सा महाविद्यालयों और स्वास्थ्य संस्थानों में तकनीकी उन्नयन के लिए 3 हज़ार करोड़ रूपये का निवेश करेगी। इससे लोगों को घर के समीप ही सुलभ और विश्वस्तरीय स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिलेगा। इस बीच धनीराम शांडिल ने कण्डाघाट उपमंडल की झाझा पंचायत में सम्पर्क मार्ग का भूमि पूजन भी किया।

ज्ञापन

भाजपा ने शिमला के कमला नेहरू अस्पताल को स्थानांतरित करने और प्रतिबंधित मार्गों पर पास शुल्क वृद्धि के मुद्दे पर आज लोक भवन में राज्यपाल कविन्द्र गुप्ता को ज्ञापन सौंपा। अस्पताल स्थानांतरित करने के मुद्दे पर भाजपा नेताओं ने कहा कि इसे स्थानांतरित करने का प्रस्ताव न केवल अव्यवहारिक है बल्कि ये मातृ व शिशु स्वास्थ्य सेवाओं के लिए भी गंभीर खतरा है। पार्टी ने आशंका जताई कि अस्पताल की भूमि का उपयोग अन्य उद्देश्यों के लिए किया जा सकता है जो गंभीर विषय है। वहीं शिमला की प्रतिबंधित सड़कों पर पास शुल्क वृद्धि को जनविरोधी बताते हुए भाजपा नेताओं ने कहा कि इससे आम जनता, व्यापारियों और कर्मचारियों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ेगा।

अस्पताल

इस बीच कमला नेहरू अस्पताल को आई.जी.एम.सी स्थानांतरित करने के मुद्दे को लेकर अखिल भारतीय जनवादी महिला समिति ने आज शिमला में प्रदर्शन किया। समिति की सचिव फालमा चौहान ने राज्य सरकार को महिला विरोधी करार दिया और कहा कि यदि इस फैसले को बदला नहीं गया तो आने वाले दिनों में बड़ा आंदोलन किया जाएगा।

पठानिया

विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने आज चंबा में करीब 2 करोड़ रूपये की योजनाओं की आधारशिला रखी। इनमें नगर परिषद के प्रशासनिक भवन सहित अतिथि गृह और आवासीय परिसर का पुनर्निर्माण शामिल है। उन्होंने कहा कि इन योजनाओं का कार्य निर्धारित समय अवधि में पूरा किया जाएगा। पठानिया ने चंबा नगर परिषद की ई–कार्ट सेवा का भी शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि ये सेवा न केवल शहर में प्रदूषण को कम करने में सहायक होगी बल्कि स्वच्छ व हरित वातावरण के संरक्षण में भी महत्वपूर्ण योगदान देगी।

जम्वाल

भाजपा ने कांग्रेस सरकार पर प्रदेश को विकास के रास्ते से हटकर अराजकता की ओर धकेलने का आरोप लगाया है। पार्टी के वरिष्ठ प्रवक्ता त्रिलोक जम्वाल ने कहा कि प्रदेश की जनता आज महंगाई, बेरोजगारी और अव्यवस्था से त्रस्त है जबकि सरकार आंतरिक कलह में उलझी हुई है। चैस्टर हिल प्रकरण के मुद्दे पर उन्होंने आरोप लगाया कि इस मामले में नियमों और कानूनों की खुलेआम अनदेखी की गई है।

अग्निकांड

सोलन ज़िले के कसौली की हैरिटेज मार्केट में आज सुबह भीषण अग्निकांड में 8 दुकानें पूरी तरह जलकर राख हो गई। दमकल विभाग और प्रशासन की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। इस घटना में जान–माल के नुकसान का कोई समाचार नहीं है। उपायुक्त मनमोहन शर्मा ने बताया कि इस घटना में हुए नुकसान का आकलन किया जा रहा है।

अम्बेदकर

संविधान निर्माता बाबा साहिब डॉक्टर भीम राव अम्बेदकर की जयंती कल मनाई जाएगी। इस अवसर पर देश सहित प्रदेश में भी श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू राजधानी शिमला के चौड़ा मैदान स्थित डॉक्टर अम्बेदकर की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करेंगे। इस बीच प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने कहा कि बाबा साहेब ने समाज में व्याप्त कुरीतियों पर प्रहार करते

हुए एक ऐसे संविधान का निर्माण किया जिसने आधुनिक भारत की मज़बूत नींव रखी। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष विनय कुमार ने भी संविधान निर्माण में डॉक्टर अम्बेदकर के उल्लेखनीय योगदान को याद किया है।

दूसरी ओर अम्बेदकर जयंती के उपलक्ष्य में नादौन विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद सिकंदर कुमार ने कहा कि समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति को मुख्य धारा में लाना ही अम्बेदकर को सच्ची श्रद्धांजलि है।

मुख्य समाचार एक बार फिर''

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने महिलाओं को सशक्त बनाने और अवसरों का विस्तार करने के लिए सभी से एकजुट होने का किया आह्वान।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने बदहाल कानून व्यवस्था और नशे की समस्या से निपटने के लिए ठोस कदम उठाने पर दिया बल।
- केन्द्र सरकार ने कहा–देशभर में एलपीजी की वाणिज्यिक आपूर्ति 70 प्रतिशत तक हुई बहाल।
- शिमला के कमला नेहरू अस्पताल को स्थानांतरित करने के प्रस्ताव का विरोध जारी–भाजपा ने राज्यपाल को सौंपा ज्ञापन।